उत्तर मध्य रेलवे

रेल भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज

आवश्यक सूचना

विषयः- स्काउट एवं गाइड कोटा वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत लेवल 1 की भर्ती के संबंध में।

संदर्भः- इस कार्यालय द्वारा जारी लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 28-04-2023।

*****

स्काउट एव गाइड कोटा वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत लेवल-1 की लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 28-04-2023 को रेल भर्ती प्रकोष्ठ की अधिकृत वेबसाइट पर जारी किया जा चुका है। जिसमें कुल 31 अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए उपयुक्त पाये गये है। इस संबंध में अवगत कराना है कि लिखित परीक्षा में सफल 31 अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम 29-05-2023 को 09:00 बजे रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज कार्यालय में कराया जाना प्रस्तावित है। अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रवेश पत्र रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज की वेबसाइट **www.rrcpryj.org** से डाउनलोड कर सकते हैं। दस्तावेज सत्यापन एवं अभ्यर्थन सत्यापन हेतु बुलाये जा रहे अभ्यर्थियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित तिथि, समय एवं स्थान पर दस्तावेज सत्यापन हेतु निम्न मूल दस्तावेजों एवं प्रत्येक दस्तावेज की स्व-सत्यापित प्रति के 2 सेट के साथ उपस्थित होः-

1. जन्मतिथि का प्रमाण पत्र।
2. समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र
3. विज्ञापन के अनुसार स्काउट एवं गाइड संगठन के निर्धारित प्रमाण-पत्र।
4. विज्ञापन के अनुसार भारत सरकार का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
5. अनुसंलग्नक-ए के अनुसार स्काउट एवं गाइड के प्रमाण पत्र।

दस्तावेज सत्यापन के समय अपने मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। उपरोक्त दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तित करने का अधिकार रेल भर्ती प्रकोष्ठ,प्रयागराज के पास सुरक्षित है।

चेतावनीः

- प्रभाव दिखाकर या अनुचित और अनैतिक साधनों के इस्तेमाल से रेलवे में नौकरी दिलाकर कपट करने वाले दलालों और नौकरी दिलाने वाले घोटालेबाजों से सावधान रहें। रेलवे ने इस हेतु किसी एजेंट या कोचिंग केंद्र की नियुक्ति नहीं की है। उम्मीदवारों को ऐसे व्यक्तियों/एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले दावों के बारे में सचेत किया जाता है। उम्मीदवारों का चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर होता है। अनैतिक तत्वों से सावधान रहें और उनके चंगुल में न फंसे। रेलवे भर्ती बोर्ड/रेल भर्ती प्रकोष्ठ को अप्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

- उम्मीदवारों को केवल रेलवे भर्ती बोर्ड/रेल भर्ती प्रकोष्ठ की आधिकारिक वेबसाइट से परामर्श लेने और अनैतिक तत्वों/दलालों द्वारा बनाई गई जाली वेबसाइटों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।

No. RRC/NCR/ALD/S&GQ/2022-23
Date: 18/05/2023

18.5.23

(डॉ. आशीष सचान)
अध्यक्ष/रेल भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज